launcherZ
Public Relations & Events

Client Calcutta Chamber of Commerce
Publication Rajasthan Patrika
Event Scope of Industry in J&K
Date 23rd December, 2023

पत्रिका
राजस्थान पत्रिका

कोलकाता, शनिवार, 23 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष द्वादशी, संवत् 2080

पुंछ में सेना पर आतंकी हमले के लिए पाक को ठहराया जिम्मेदार

कश्मीर में मृत्युशय्या पर चला गया है आतंकवाद : मनोज सिन्हा

बोले, शांति भंग करने के लिए ऐसी हरकतें करता है पड़ोसी देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा का स्वागत करते चेम्बर के पदाधिकारी। पत्रिका

कोलकाता. जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से जम्मू कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति में सुधार होने और कश्मीर घाटी में आतंकवाद के मृत्यु शय्या पर चले जाने का दावा किया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है। वे कोलकाता में कलकत्ता चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने गत गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और इसके लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम ऐसी हिंसा की निंदा करते हैं। हमारा पड़ोसी देश कश्मीर की घाटी में शांति भंग करने के लिए ऐसी हरकतें करता है। लेकिन यह सब व्यर्थ है, क्योंकि कश्मीर में आतंकवाद अब मृत्युशय्या पर चला गया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पुंछ जिले में सेना के काफिले पर हुए हमले में तीन जवान शहीद हो गए और दो घायल हो हुए हैं।

कश्मीर में सुरक्षा बंगाल से भी बेहतर

कलकत्ता चेम्बर ऑफ कामर्स के कार्यक्रम में उद्योपतियों और व्यवसायियों के सवालों का जवाब देते हुए जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल ने कश्मीर घाटी की सुरक्षा की स्थिति पश्चिम बंगाल से अच्छी होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी की सुरक्षा में पहले से काफी सुधार हुआ है। कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति बंगाल की तुलना में बेहतर है। लेकिन बाद में जब पत्रकारों ने इस बारे में पूछा तो जवाब में उन्होंने कहा कि मेरी टिप्पणी को राजनीतिक रूप से तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं किया जाना चाहिए। मेरे कहने का मतलब है कि कश्मीर में सुरक्षा स्थिति बंगाल जितनी ही अच्छी है।

राज्य सबसे सुरक्षित : तृणमूल कांग्रेस

इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने सिन्हा के बयान पर पलटवार किया। तृणमूल नेता कुणाल घोष ने कहा कि केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार कोलकाता और पश्चिम बंगाल सबसे सुरक्षित है।

कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा और आईपीएस वाणिज्य सचिव विक्रमजीत सिंह की उपस्थिति में जम्मू और कश्मीर में उद्योग के दायरे पर विशेष सत्र का आयोजन किया। अधिकारियों ने उद्योपतियों और व्यवसायियों से जम्मू और कश्मीर में निवेश करने की अपील की। सुशील अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष, एच एस हलवासिया अध्यक्ष, कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मनोज सिन्हा का स्वागत किया।